दिन – बुधवार                                        दिनांक– 28/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।                          अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दो दिन के दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री मोदी कल शाम लगभग पौने छह बजे पटना में जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। इस पर लगभग एक हजार दो सौ करोड़ रुपये की लागत आई है। नए टर्मिनल भवन के शुरू हो जाने से हवाई अड्डे की वार्षिक यात्री संचालन क्षमता बढ़कर एक करोड़ हो जाएगी। प्रधानमंत्री बिहटा हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव की आधारशिला भी रखेंगे। बिहटा हवाई अड्डे का उद्देश्य पटना और इसके आस–पास तेजी से शैक्षिक केन्द्र के रूप में विकसित हो रहे क्षेत्रों को सेवा प्रदान करना है। इन क्षेत्रों में आई.आई.टी. पटना और प्रस्तावित एन.आई.टी. पटना परिसर शामिल हैं। श्री मोदी उद्घाटन के बाद पटना में रोड शो करेंगे। अगले तीस मई को श्री मोदी रोहतास जिले के बिक्रमगंज में अड़तालीस हजार पांच सौ बीस करोड़ रुपये से अधिक की लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री वहां एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

————————————————————————

प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। पुलिस मुख्यालय ने हाई अलर्ट जारी किया है। इसके तहत पटना और रोहतास में समारोह स्थल और रोड–शो के मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित जोन घोषित किया गया है। जगह–जगह मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर होटलों, अतिथि गृह, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा जांच बढ़ा दी है। इधर, पटना में प्रधानमंत्री के रोड–शो को देखते हुए यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है। यातायात पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने बताया कि उनतीस मई को शाम चार बजे से रात आठ बजे तक बेलीरोड पर सामान्य वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान वाहनों का परिचालन डायर्वट किया जाएगा। पटना हवाई अड्डे से उड़ान पकड़ने वाले यात्रियों को तीन घंटा पहले हवाई अड्डा पहुंचने की सलाह दी गयी है।

————————————————————————

मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न भागों में अगले कुछ दिनों तक आंधी, बारिश और वज्रपात की स्थिति जारी रहने की संभावना जताई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान बेगूसराय, नवादा, लखीसराय, कटिहार, बांका और भागलपुर समेत राज्य के दक्षिण–मध्य और पूर्वी भागों में कई स्थानों पर तेज आंधी और बारिश की आशंका है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के अन्य भागों में बादल छाये रहेंगे। इन इलाकों में लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

——————————————————————————

पटना में कोविड के छह और संक्रमित मिले हैं। इनमें एम्स की एक महिला डॉक्टर और दो नर्सें भी शामिल हैं। इन सभी में सर्दी, खांसी और बुखार जैसे लक्षणों के बाद जांच में पॉजिटिव रिपोर्ट आई है। इधर, स्वास्थ्य विभाग सतर्क है और लोगों से कोविड प्रोटोकॉल के पालन की अपील की जा रही है।

——————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आज पटना जिले के मनेर प्रखंड अंतर्गत राजसराय में मनरेगा पार्क और बहुउद्देशीय खेल मैदान का उद्‌घाटन किया।

——————————————————————————

सहकारिता मंत्री सह कैमूर जिले के प्रभारी मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने भगवानपुर के मोखरम और रामपुर के भितरी बांध पैक्स में नवनिर्मित गोदाम का उद्‌घाटन किया। उन्होंने भगवानपुर के टोड़ी और मोहनिया के डंडवा पैक्स में गोदाम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

——————————————————————————

अररिया के प्रभारी जिला पदाधिकारी ने माता–पिता भरण पोषण तथा कल्याण नियमावली– दो हजार बारह के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला समिति की बैठक में बुर्जुगों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की।

——————————————————————————

मधुबनी जिले में भारत–नेपाल सीमा के समीप एसएसबी जवानों ने गश्ती के दौरान भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत करैला डेरा में ट्रक और ऑटो की भीषण टक्कर में ऑटो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।